राज्यपाल से भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की

जयपुर, 13 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से शनिवार को लोकभवन में भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की।

राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने इस दौरान पुलिस अधिकारियों को सेवा, समर्पण और निष्ठा से 'राष्ट्र प्रथम' की सोच से कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने पुलिस सेवा में मानवीय दृष्टि को सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए प्रशिक्षु अधिकारियों को आमजन का विश्वास अर्जित किए जाने की सीख भी दी।

———